**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–17 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कोलकाता में महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर प्रदेश भर में डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी। भारतीय चिकित्सा संघ ने की आज देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद करने की घोषणा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवाडा सोलर पावर प्रोजेक्ट का किया उद्‌घाटन। कहा– सत्तर मेगावाट वाला यह पावर प्रोजेक्ट चार सौ से अधिक रोजगार के सृजन का बनेगा जरिया।
- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को लखनऊ में मेंटर ऑफ द ईयर पुरस्कार से किया गया सम्मानित।
- अम्बेडकरनगर में आज लगेगा वृहद रोजगार मेला, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्‌घाटन। कल अयोध्या में रोजगार मेले की है तैयारी।

**************

कोलकाता के आरजी कार मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के विरोध में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन प्रदेश भर में जारी है। कल इसका असर प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में देखने को मिला। जूनियर डॉक्टरों ने काली पट्‌टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। लखनऊ के किंगजार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, राम मनोहर लोहिया संस्थान, एसजीपीजीआई, कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज तथा एम्स में जूनियर डॉक्टरों ने प्रदर्शन कर आरोपी को फांसी देने की मांग की। अम्बेडकर नगर राजकीय मेडिकल कॉलेज, हरदोई मेडिकल कॉलेज समेत अन्य मेडिकल कॉलेज में कल प्रदर्शन कर जूनियर डॉक्टरों ने रोष जताया। प्रदर्शन के कारण रेजींडेंट डॉक्टरों ने ओपीडी का बहिष्कार किया। हालांकि सीनियर डॉक्टरों ने मरीज देखे और इमरजेंसी सेवाएं भी चालू हैं। उधर, भारतीय चिकित्सा संघ ने आज सुबह से 24 घंटे के लिए देशभर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है। चिकित्सा संघ ने कहा है कि सभी आवश्यक और आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

घटना का संज्ञान लेते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख को अधिकतम छह घंटे के भीतर संस्थान की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने इस संबंध में केंद्र सरकार के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख को पत्र लिखा है।

**************

पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की घटना पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने लखनऊ में प्रेसवार्ता कर पश्चिम बंगाल सरकार पर असंवेदनशील होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि जितना अधिक पीड़ादायक घटना है, उससे ज्यादा दुःखद ममता सरकार और इंडी गठबंधन का इसको लेकर रवैया है।

**************

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अवाडा सोलर पावर प्रोजेक्ट का वर्चुवल माध्यम से उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के तहत हुए अनुबंध के धरातल पर उतरने का उदाहरण है। 70 मेगावाट वाला यह रिन्यूबल एनर्जी प्लांट चार सौ से अधिक रोजगार के सृजन का जरिया भी बनेगा।

***70 मेगावाट रिन्यूबल एनर्जी के इस नये प्लांट के उद्‌घाटन का यह अवसर उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के एमओयू के सफलता पूर्वक जमीनी धरातल पर उतरने का एक नये अध्याय की शुरूआत है। यह इंवेस्टमेंट एक इंवेस्टमेंट नहीं है यह लगभग 400 से अधिक रोजगार के सृजन का भी एक माध्यम है और साथ ही साथ प्रधानमंत्री मोदी जी के 2050 तक भारत को नेट जीरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के उस अभियान का एक महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा है।***

**************

केन्द्र सरकार किसानों की पहुंच विज्ञान तक बनाने के लिए रेडियो पर एक कार्यक्रम किसानों की बात शुरू करेगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात की ही तरह होगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में किसानों से बातचीत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम अगले महीने शुरू होगा। श्री चौहान ने कहा कि उनके साथ कृषि वैज्ञानिक और विभागीय अधिकारी किसानों को जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

**************

आकाशवाणी के प्रति घंटा समाचार बुलेटिन के प्रसारण क्रम में संशोधन किया गया है। यह परिवर्तन सत्रह–अट्‌ठारह अगस्त की मध्य रात्रि बारह बजे से बुलेटिन के साथ लागू होगा। पहले हिंदी समाचार बुलेटिन प्रसारित किये जायेंगे, उसके तुरंत बाद पांच मिनट के अंग्रेजी समाचार बुलेटिन प्रसारित किये जायेंगे।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने जन्माष्टमी के कारण यूजीसी नेट–दो हजार चौबीस के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। यूजीसी नेट की छब्बीस अगस्त को होन वाली परीक्षा अब सत्ताइस अगस्त को होगी। यूजीसी नेट क चौरासी विषयों की परीक्षा इक्कीस अगस्त से चार सितम्बर के बीच कराई जानी है।

**********

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को कल लखनऊ में अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन–एसीपी इंडिया चैप्टर के 9वें वार्षिक सम्मेलन में मेंटर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत आज स्वास्थ्य, विज्ञान और अनुसंधान समेत अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व करने में सक्षम है और दुनिया भी इस बात को स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न रोगों से संबंधित अनुसंधानों में अग्रणी है क्योंकि भारत में बीमारियों की रोकथाम के लिए कई तरह के उपाय किए गए हैं, जिसका अनुसरण अन्य देश भी कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फार्मा, अंतरिक्ष समेत अन्य क्षेत्रों में निजी निवेश को प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के साथ–साथ उन्नत चिकित्सा विज्ञान में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवा पीढ़ी से राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की अपील की।

**********

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से आज अम्बेडकरनगर और कल अयोध्या में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें करीब 150 प्रतिष्ठित कंपनियां 70 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अंबेडकरनगर में करेंगे। यह रोजगार मेला उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय और एमएसएमई विभाग के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। रोजगार मेला प्रातः नौ बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगा। इसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और आईटीआई के प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता छात्रों के साथ ही अन्य सामान्य विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कल पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और एसआर–ओ उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इन उपग्रहों को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान की तीसरी विकास उड़ान के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया। मिशन निदेशक एस. एस. विनोद ने कहा है कि यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं, उपग्रह निदेशक एम. अविनाश ने कहा कि इस प्रक्षेपण ने गगनयान परियोजना में अंतरिक्ष यात्रियों की मदद के लिए एवियोनिक्स और रिमोट सेंसिंग के लिए एक नया डेटाबेस भी उपलब्ध कराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया संदेश के जरिये इस कार्यक्रम से जुड़े सभी वैज्ञानिकों और अधिकारियों को बधाई दी है।

**********

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की कल छठवीं पुण्यतिथि थी। इस अवसर पर प्रदेश भर में विविध आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की कविताएं, उनकी स्मृतियां, भारतीय राजनीति के लिए उनके मूल्य और सिद्धांत सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। अन्त्योदय की योजना को उन्होंने गरीबों तक पहुंचाने का काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर अटल बिहारी मेमोरियल फाउंडेशन ने लखनऊ में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समारोह में काव्य पाठ का आयोजन किया गया।

**********

कौशांबी के सैनी थाना क्षेत्र के गुलामीपुर कस्बे के पास कल कांवड़ियों से भरी गाड़ी सामने खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक महिला समेत तीन कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि अट्ठारह अन्य सवार घायल हो गए। कांवड़िये छत्तीसगढ़ के देवघर से दर्शन पूजन कर बलरामपुर वापस लौट रहे थे, तभी कौशाम्बी जनपद में हादसे का शिकार हो गए।

**********